## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता के लिए बाइक रैली आज

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश एवं आयुक्त नगर निगम विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन मे लोकसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए स्वीप गतिविधियों के तहत नगर निगम के तत्वाधान में शुक्रवार 19 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे से मोटर साईकल रैली का आयोजन किया गया है। मोटर साईकल रैली शुक्रवार को प्रातः 9:30 बजे से नगर निगम से अहिंसा तिराहा होते हुए गांधीद्वार होते हुए सुभाष चौक, मधई मंदिर, गणेश चौक, पुराना कलेक्ट्रेट बंगला के पीछे से मुड़कर गायत्री नगर पुलिया होते हुए नीरज टाकीज, बाबा घाट, छात्र संग्राम परिषद स्कूल, पेट्रोल पंप से होकर जैन कॉलोनी लोको शेड से होते हुए मेन बजरिया एन.के.जे तिराहा पहुंचेगी जहां मतदाता शपथ दिलाई जायेगी।

### मतदान केन्द्रों में ये ही कर सकेंगे प्रवेश

**कटनी।** लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अलावा केवल ऐसे व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे जिन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति दी गई है । इनमें मतदान अधिकारी, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, उम्मीदवार, उसका निर्वाचन अभिकर्ता और उम्मीदवार का एक बार मंन एक मतदान अभिकर्ता, आयोग द्वारा प्राधिकृत किये गये व्यक्ति एवं निर्वाचन के संबंध में कर्त्तव्यारूढ़ वाले सेवक ही शामिल हैं।इनके साथ ही मतदाता के साथ में गोद में कोई बच्चा, ऐसे अंधे और शिथिलांग मतदाता जो बिना सहायता के चल फिर नहीं सकते, के साथ कोई एक व्यक्ति तथा ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें समय-समय पर मतदाताओं की पहचान करने के या मतदान कराते समय पीठासीन अधिकारी की सहायता करने के प्रयोजनार्थ बुलाया गया हो, भी मतदान केन्द्र में भीतर प्रवेश कर सकेंगे ।

### हांथ में फ्रेक्चर के बाद भी डियूटी, जज्बे को सराहा

**कटनी।** मतदान दलों में तैनात कर्मचारी उमंग, जोश और जज्बे के साथ मतदान कराने उत्साहित हैं। ऐसे ही माध्यमिक शिक्षक है तुलसी दहायत जिनके हाथ में फ्रैक्चर होने के बाद भी कर्तव्य निभाने के जज्बे की सराहना स्वयं कलेक्टर अवि प्रसाद ने की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विगढ़ में पदस्थ श्री दहायत के दायित्व बोध के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद ने शाबाशी दी। हाथ में फ्रैक्चर होने के बाद भी शिक्षक श्री दहायत ने मतदान की ड्यूटी से मुक्ति हेतु प्रयास नहीं कर कर्तव्य निभाने के लिए आगे आए। मतदान दल क्रमांक 135 में इनकी ड्युटी पी वन के तौर पर लगीं हैं।

### निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे मतगणना एजेंट

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियो और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारो के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार मतदाताओं को गैर सरकारी मतदाता पर्ची वितरित करने मतदान के दिन मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर अपने निर्वाचन बूथ स्थापित कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस बारे में निर्देश जारी किये हैं।

## चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान दलों को हुआ सामग्री का वितरण, वोटिंग कराने बूथों की ओर हुए रवाना

# आज से मशीनों में बंद होगा सियासी भाग्य का फैसला







हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी परिसर में लोकसभा क्षेत्र शहडोल के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के विधानसभा बड़वारा के नियुक्त मतदानकर्मियों को मतदान सामग्री के साथ ईव्हीएम और वीवीपीएटी का वितरण चाक चौबंद और कड़ी सुरक्षा के बीच गुरूवार को प्रातः 7 बजे से किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद मतदान सामग्री वितरण कार्य की निगरानी और निरीक्षण के लिए कृषि उपज मंडी परिसर में मौजूद रहे।

कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर श्री प्रसाद सामग्री वितरण के दौरान मतदान कर्मियों से भी रू-ब-रू हुये, उनका हौसला बढ़ाया और सफलता पूर्वक मतदान कराने अग्रिम शुभकामनाएं दी। मतदान कर्मियों ने सामग्री वितरण व्यवस्था की तारीफ करते हुये कलेक्टर से कहा कि इससे उनमें उत्साह का संचार हुआ है और मनोबल भी बढ़ा है ।

सामग्री वितरण स्थल में व्यवस्थायें इतनी बेहतर थीं कि तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे से मतदान दलों की मतदान दलों की रवानगी भी प्रारंभ हो गई। आसपास के मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का पहुंचना भी शुरू हो गया है। मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये तैनात किये गये कर्मचारी सुबह 6 बजे के पहले ही कृषि उपज मंडी पहुँच चुके थे ।

### 23 काउंटर से बटी सामग्री

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मतदान दलों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर में मतदान दलों को सामग्री वितरण करने दो बड़े पण्डाल लगाये गये थे। मतदान सामग्री वितरण के लिए 23 काउंटर बनाए गए हैं, ताकि बिना किसी असुविधा के सामग्री वितरण किया जा सके, इन काउंटरों में 110 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही सामग्री वितरण स्थल पर मतदान कर्मियों के बैठने की व्यवस्था तथा शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था भी बेहतर तरीके से की गई थी। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दलों की भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ मौजूदगी रही।

मतदान दलों में नियुक्त कर्मचारियों और मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक पहुँचाने में इस्तेमाल किये जाने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी बेहतर तरीके से प्लान किया गया, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न आये और आवाजाही में किसी को भी परेशानी न हों। चुनाव सामग्री के मिलान उपरांत मतदान दल कृषि उपज मंडी पहरुआ से लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाने उत्साह और उमंग के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुआ।

### 10 उम्मीदवारों की तकदीर का फैसला करेंगे 255488 मतदाता

शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को होने जा रहे मतदान में कटनी जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 55 हजार 488 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर यहां मतदान से संबंधित सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 299 मतदान केंद्रों के लिए रिजर्व सहित 1316 मतदान कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 39 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 41 माइक्रो आब्जर्वर की भी तैनाती की गई है। यहां मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और वापस लाने के लिए 72 बसों और 47 चार पहिया वाहनों का प्रयोग किया जायेगा।

बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 30 हजार 202 पुरुष, 1 लाख 25 हजार 285 महिला मतदाता और एक थर्ड जेंडर मतदाता को मिलाकर कुल 2 लाख 55 हजार 488 मतदाता हैं। यहां का जेंडर रेशियों 962.2 और ई पी रेशियों 64.07 है।

### ये हैं चुनाव मैदान में

मतदान दिवस 19 अप्रैल को शहडोल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव मैदान में 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीनों में बंद हो जायेगा। शहडोल लोकसभा क्षेत्र में जो प्रत्याशी चुनाव लड रहे हैं उनमें बहुजन समाज पार्टी से धनीराम कोल, कांग्रेस से फुन्देलाल सिंह मार्को, भाजपा से श्रीमती हिमाद्री सिंह, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी से अनिल सिंह धुर्वे, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से अमृत लाल सिंह उईके, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी से डॉ. दुर्गावती भरिया, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से रविकरण सिंह धुर्वे, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से समर शाह सिंह गोंड़, निर्दलीय केशकली बैगा गुन्जान सिंह चुनावी मैदान में हैं।

**संकरीगढ़ पहुंचकर खेरमाता मंदिर में की पूजा अर्चना**

# मतदान केन्द्रों में सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर ने जताया संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद गुरूवार को बड़व्रारा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के औचक निरीक्षण पर है, जहां उन्हे बसाडी के शासकीय स्कूल में बने मतदान केन्द्र क्रमांक 14, 15 एवं 16 मे मतदान दलों और मतदाताओं के लिए बेहतर सुविधाएं देखने को मिली।

कलेक्टर श्री प्रसाद को यहां के मतदान केन्द्र में साफ- सुथरा और चमचमाता शौचालय ,पेयजल का बेहतर इंतजाम, कतार मे खडे होकर मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए फर्नीचर के साथ- साथ मतदान केन्द्र में पंखा के अलावा ठंडी हवा के लिए कूलर की व्यवस्था देखने को मिली। मतदान केन्द्र में पहुंचे मतदान कर्मियों ने बताया कि उन्हे पहली बार किसी चुनाव के दौरान कूलर की सुविधा मिल रही है। मतदान केन्द्रों मे बेहतर सुविधाओं के लिए मतदान कर्मियों ने खुशी



जाहिर करते हुए कलेक्टर के प्रति आभार जताया।

बसाडी के तीनों मतदान केन्द्रों मे बेहतर इंतजाम के लिए कलेक्टर ने यहां के पंचायत सचिव अश्विनी सोनी और जी आर एस संतोष जायसवाल द्वारा कराये गए कार्यो की सराहना की। एसे समय मे जब शादियों का सीजन जोरों पर होने की होने की वजह से टेंट के लिए मारा - मारी मची है इसके बाद भी मतदान केन्रों में आने वाले मतदाताओं की छाया के लिए यहां टेंट की उपलब्धता बड़ी बात है।

कलेक्टर के निर्देश पर पिछले एक माह से अभियान स्वरूप मे संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत मतदान केन्द्रों में मरम्मत कार्य विद्युत फिटिंग, प्रकाश व्यवस्था, दरवाजे, छत की रंगाई - पुताई सहित विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति से निपटने के लिए र्रिचाजेबल बल्ब का इंतजाम भी मतदान केन्द्रों में किया गया है।

मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने सकरीगढ़ पहुंचे कलेक्टर ने यहां खेरमाई माता मंदिर पहुंचकर पूजा- अर्चना की। उन्होने जिलेवासियों के सुख -समृद्धि की कामना की। कलेक्टर ने यहां गाजे - बाजे के साथ श्रद्धालुओं और भक्तों द्वारा निकाले जा रहे जवारा विसर्जन जुलूस को देखा। इस जुलूस मे हो रहे माता काली के नृत्य की जीवंत प्रस्तुति को कलेक्टर ने निहारा और भक्तिभाव से विभोर हो गए।

## रामनवमी पर खितौली में निकाला गया जुलूस



बरही तहसील अंतर्गत खितौली में प्रभु श्रीरामजी के जन्मोत्सव रामनवमीं में 500, वर्षों के बाद रामलला के भव्य मंदिर अयोध्या में विराजमान होने पर ऐतिहासिक जुलूस खितौली में रामलाल गुप्ता के नेतृत्व में रथ में सवार प्रभु श्रीरामजी के झांकी के साथ ढोल नगाड़ों डीजे के साथ नाचते हुए जय श्रीराम घोष व केसरिया झंडे हाथ में लेकर बड़े धूमधाम से जवारों के साथ दुर्गा चौक से राधा कृष्ण मंदिर गांव में भ्रमण करते हुए राम भक्तों द्वारा जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में अंबिका दुबे ओमप्रकाश तिवारी ओंकार गर्ग रामनरेश गुप्ता धर्मदास साहू सत्यप्रकाश तिवारी उमाशंकर गर्ग बीरेंद्र गुप्ता रामलाल गुप्ता विजय तिवारी अरविंद मंजू दुबे युवा नेता रोहित गर्ग रामसुमन दुबे रामहित गुप्ता शिव कांत चतुर्वेदी गुड्डा गर्ग सुशील साहू श्यामहित गुप्ता अनिल साहू शिवम्‌ गुप्ता रवि गुप्ता सिद्धार्थ नंदू गर्ग भोला साहू लाला यादव अन्नू सिंह आतिश कोरी कपिल रजक छोट्टी कोरी व कई सैकड़ों रामभक्त शोभा यात्रा के साक्षी बने।।

# 9 लाख 60 हजार की चांदी की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




लोकसभा चुनाव को लेकर स्टेशनों के प्लेटफार्म, ट्रेनों की जांच भी रेल पुलिस कर रही है। आरपीएफ ने जांच के दौरान मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच से एक युवक को पकड़ा। जिसके पास से चांदी की 23 सिल्ली जब्त की गई है। मौके पर युवक ने कोई दस्तावेज पेश नहीं किए, जिसके चलते चांदी को जब्त करते हुए मामले की जांच की जा रही है। वहीं आयकर विभाग व जीएसटी विभाग को भी आरपीएफ ने सूचना दी है।

आरपीएफ उपनिरीक्षक सौरभ माहोरे ने बताया कि चुनाव को लेकर की जा रही जांच के दौरान मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-पांच में सुबह एक युवक बैग लेकर घूमते हुए संदिग्ध अवस्था में मिला। जिसको रोककर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम ओम किशन वर्मा निवासी मिर्जापुर उप्र बताया। युवक के पास से मौजूद बैग की तलाशी ली गई तो उसमें चांदी की अलग-अलग आकार की 23 सिल्ली मिली। जिनका वजन 11 किलो 500 ग्राम था और कीमत लगभग नौ लाख 60 हजार रुपए बताई गई। युवक ने पूछताछ में बताया कि वह चांदी सागर के मोती नगर स्थित ओम कृष्ण ज्वेलर्स को देने जा रहा था। युवक के पास चांदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। जिसके चलते आरपीएफ ने चांदी को जब्त करते हुए मामला जांच में लिया है। वहीं दूसरी ओर आयकर विभाग व जीएसटी विभाग को भी इस संबंध में सूचना दी गई है।

**तिलक कॉलेज में मतदाता जागरूकता के लिए हुई प्रतियोगिताएं**

# लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान की आहुति देने मतदाताओं को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### ये हुई प्रतियोगिताएं

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत मेहंदी प्रतियोगिता, नारा लेखन पोस्टर प्रतियोगिता दीवाल लेखन भाषण प्रतियोगिता, रंगोली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे की अध्यक्षता में स्वीप की सहायक नोडल अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग, जिला संगठन डॉक्टर रुक्मणी प्रताप सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस मतदाता जागरूकता में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने हेतु प्रेरित करते हुए घर-घर जाकर मतदान के महत्व को जन सामान्य एवं नागरिकों को अवगत करा रहे हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव खजुराहो एवं शहडोल के मतदाता अपने मत का अधिक से अधिक उपयोग करें।




### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम में रेनिका सिंह राजपूत, मेघा विश्वकर्मा, गायत्री बर्मन, तुषा मेहरा, प्रियदर्शनी सिंह राजपूत, स्वाति मौर्य आदि का योगदान रहा।

## झिंझरी पुलिस चौकी मे खड़ा कराया गया जब्त बोरिंग वाहन

# बिना अनुमति अवैध बोर खनन करनें पर दर्ज हुई दूसरी एफ.आई.आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन के उल्लंघन और कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के जारी किये गये आदेश का पालन नहीं करने पर जिले की दूसरी एफ.आई.आर गुरूवार को यहां माधवनगर पुलिस थाने मे दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी बोरिंग मशीन के वाहन चालक ब्रबूराज पिता लेलूतामे के विरूद्ध दर्ज की गई है। अवैध बोर खनन करने वाले बोरिंग मशीन वाहन को जब्त कर झिंझरी पुलिस चौकी की अभिरक्षा मे रखा गया है। इस वाहन का अनुमानित मूल्य करीब 60 लाख रूपये है।

जिले मे वर्तमान में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू होने के कारण बिना अनुमति नलकूप खनन पाये जाने वाली फर्म, ठेकेदारों, खनन एजेंसी और व्यक्तियों व संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी गाईडलाइन जारी की गई है। गाईडलाइन के अनुसार बोरवेल और टयूबवैल खनन के लिए सक्षम



अधिकारी के पास कम से कम 15 दिन की अग्रिम लिखित सूचना देने की अनिवार्यता है। अनुमति मिलने के बाद ही खनन कार्य कराया जाना था। साथ ही भूमिगत स्त्रोंतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य करने के बाद जिन नलकूपों में जलआवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है उन नलकूपों को सुरक्षित किये बिना खुला छोड दिया जाता है जो छोटे बच्चों के गिरने का कारण बनते है जो गाईडलाइन का उल्लंघन है।

कलेक्टर ने हाल ही मे बीते 28 मार्च को एक आदेश जारी कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था। इसके तहत कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोग के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेंगा। इसी के उल्लंघन पर माधवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

कटनी नगर तहसील के अंतर्गत ग्राम झिंझरी पटवारी हल्का नंबर 38 मे 17 अप्रैल को रात 8 बजे बोरिंग मशीन वाहन क्रमांक टीएन 34 ए.बी 1433 से नबिता कुशवाहा के घर के आंगन में बोरिंग मशीन के वाहन चालक ब्रबूराज द्वारा अवैध रूप से बोर कराये जाने की सूचना पर नायब तहसीलदार कटनी नगर एवं कटनी ग्रामीण और हल्का पटवारी द्वारा मौके की जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा हाल ही में जारी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का स्पष्टतः उल्लंघन पाया गया।

### इन धाराओं में दर्ज हुई प्राथमिकी

ग्राम कोटवार कोदू लाल बेन द्वारा माधवनगर पुलिस थाना मे बोरिंग मशीन के वाहन चालक ब्रबूराज के विरूद्ध मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3/9 एवं और 4/9 तथा भादंवि की धारा 188 के तहत एफ.आई.नंबर 0309 दर्ज कराई गई है।



# नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों से वसूला 16 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

एसपी के नेतृत्व एवं एसडीओपी विजयराघवगढ के.पी. सिंह के व्दारा सभी थाना प्रभारियों को वाहन चैकिंग एवम सायरन हूटर पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में थाना बरही द्वारा वाहन चैकिंग एव चालानी कार्यवाही के दौरान एक कार क्र. CG 10 FA 3498 में सायरन हूटर लगे पाए जाने पर जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर उक्त कार को मोटरव्हीकल एक्ट की धारा 185(4) के तहत मौके पर ही 3000/– जुर्माना किया गया एवम मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं मैं कुल 31 चालान किए गए जिसमें कुल 16000/ रुपए समन शुल्क वसूला गया। कार्यवाही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , , स.उ.नि .दिनेश गौतम आरक्षक विवेक श्रीवस्तवा अवधेश प्रताप सिंह सतीश सिंह आदि भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### माई नदी के पुनर्जीवन के संबंध में निगमायुक्त ने आहूत की बैठक

**कटनी।** माई नदी के पुनर्जीवन के संबंध में जिला कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें नदी के क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर नदी की सफाई, पानी एकत्रित किए जाने हेतु आवश्यकतानुसार पूर्व से निर्मित स्टॉपडेमो की मरम्मत आदि कार्यों के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नगर पालिक निगम कटनी के प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री जेपी सिंह बघेल एवं मृदुल श्रीवास्तव की उपस्थित रही।

### 10 कर्मियों द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर जारी किया नोटिस

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पांच उपार्जन केन्द्रों के 10 शासकीय कर्मियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का भ्रमण नहीं करने और सार्थक एप्लीकेशन में उपस्थिति दर्ज नही करनें पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। समर्थन मूल्य में गेहूं उपार्जन केन्द्र में एफ ए क्यू मापदण्ड अनुसार खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी उपार्जन केन्द्र कचनारी, ढीमरखेड़ा, सिलौड़ी, विपणन उमरियापान एवं बचौया उपार्जन केन्द्र में नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्र का भ्रमण नहीं करनें तथा सार्थक एप्लीकेशन में उपस्थिति दर्ज नही करनें पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिन दायित्वाधीन नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है उनमे विश्वनाथ सिंह ठाकुर हल्का पटवारी, रामेश्वर पंथी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रामदास बर्मन सचिव, वीरेन्द्र कुमार प्यासी सचिव, अजय त्रिपाठी सचिव, अनिल गोटिया हल्का पटवारी, स्नेहलता कोरचे हल्का पटवारी, ज्योत्सना उड़के हल्का पटवारी, अम्बोज यादव सचिव, सुबोध साहू हल्का पटवारी शामिल है। इन सभी से तीन दिवस में जवाब मांगा गया है।

### विश्व विरासत दिवस पर हुआ आयोजन

**कटनी।** शिकागो पब्लिक स्कूल में ''विश्व विरासत दिवस'' मनाया गया। स्कूल में छात्रों व शिक्षकों की उपस्थिति में इस दिवस की महता उपयोगिता के संबंध मे कटनी इन्टेक चैप्टर के संयोजक मोहन नागवानी ने कटनी मे बिखरी अमूल्य विरासतों के संबंध में जानकारी दी व इन सम्पतियों को सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी। छात्रों ने भी बड़े ध्यान से इसकी जानकारी सुनी। इस अवसर पर अभिभावक भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष दो बार छात्रों को ऐसे स्थानों पर ले जाया जाकर इसके संबंध मे जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम मे श्रीमती भारती नागवानी, अनिल दुबे, हरीश झामनानी व सभी शिक्षक उपस्थित रहे। अंत मे प्राचार्य आर.एल निगम ने सभी के प्रति आभार माना। इसी अवसर पर श्री नागवानी ने मूर्त और अमूर्त विरासत को सोदाहरण, छात्रों को समझाते हुए विरासत व पुरातत्व को स्पष्ट किया।

### नागरिकों को किया जा रहा मतदान हेतु जागरूक

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्धेश्य से विधानसभा क्षेत्र 93 मुड़वारा में एक जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार विगत दिवसों से किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 को जाकिर हुसैन वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड, संजय नगर, डेहरू लाइन, मटरू लाइन, शर्मा कॉलोनी, खैबर लाइन, मानसरोवर कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी, रॉबर्ट लाइन, बर्मन मोहल्ला, स्टेशन मार्ग, चौधरी मोहल्ला, अमीरगंज मोहल्ला, बसोर मोहल्ला, पड़रवारा भूमिया मोहल्ला में जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आज 19 अप्रैल को बाबा नारायण शाह वार्ड, हेमूकालानी वार्ड, आचार्य कृपलानी वार्ड के बंगला लाइन हरिजन बस्ती, हास्पिटल लाइन, एडीएम लाइन, आफिस मोहल्ला, शांतीनगर एमईएस, एसीसी कालोनी, एडीएम लाइन सब्जीमंडी रोड में मतदान करने संदेश दिया जाएगा।

---

**कैमोर थाना के ग्राम जुमआनी कला में मिली महिला की लाश से उठा पर्दा**

# प्रेमिका से पीछा छुड़ाने प्रेमी ने ही हत्या कर खेत में फेंक दी थी लाश, कातिल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमुआनी कला में एक किसान के खेत में लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव की ही एक महिला का कंकाल पाया गया था। खेत में महिला का कंकाल मिलने के मामले में विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया है। एसडीओपी श्री सिंह ने बताया कि बीते दो-तीन साल से चले आ रहे प्रेम संबंधों से छुटकारा पाने के लिए महिला के प्रेमी ने ही उसे रात को मिलने के बहाने बुलाकर उसकी पहले तो गला दबाकर हत्या की उसके बाद गेहूं के खेत के अंदर ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया है।



## पत्नी को लग गई थी जानकारी

विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम जमुआनी कला निवासी लगभग 30 वर्षीय गणेश गुप्ता नामक युवक के संबंध 40 वर्षीय महिला से थे। गत वर्ष गणेश का विवाह हो गया था और उसके महिला के साथ संबंध होने की जानकारी उसकी पत्नी को लग गई थी। पत्नी के सामने अवैध संबंध उजागर होने के बाद से ही गणेश अपनी प्रेमिका से छुटकारा पाना चाहता था। उसने 19 फरवरी की रात प्रेमिका को मिलने के बहाने खेत की मेड़ पर बुलाया और वहां पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गणेश ने प्रेमिका की लाश को गेहूं के खेत के बीचो-बीच लेजाकर फेंक दिया। जिस खेत में महिला का कंकाल पाया गया उससे मात्र 200 मीटर की दूरी पर ही उसके हत्यारे प्रेमी गणेश का घर है। महिला गांव में अकेली ही रहती थी उसका पति और बेटा मजदूरी करने के लिए किसी दूसरे शहर में रह रहे थे। महिला और गणेश के बीच पिछले दो-तीन सालों से संबंध स्थापित थे। दोनों मोबाइल पर घंटों बातें भी किया करते थे। गणेश ने महिला की हत्या करने के बाद उसके मोबाइल को स्विच ऑफ करके उसकी स्वेटर के पॉकिट में डाल दिया था।

विजयराघवगढ़ एसडीओपी श्री सिंह ने कहा की बेहद चुनौती पूर्ण इस हत्याकांड में महिला की कॉल डिटेल को जब पुलिस ने गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया तो फिर दो-तीन लोगों से महिला की बातचीत होने की बात सामने आई। आरोपी गणेश महिला से हमेशा ही घंटों बात करता था। जब उस पर संदेह हुआ तो पुलिस के द्वारा गांव में मुखबिरों को सक्रिय किया गया और पूरे साक्ष्य एकत्र किए गए। संदेह के आधार पर जब आरोपी गणेश को पकड़ कर उससे पूछताछ की गई तो उसने सारी सच्चाई उगल दी। महिला की हत्या के मामले में उसके आशिक गणेश को हिरासत में लेते हुए उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आपको बता दें कि महिला का कंकाल 12 अप्रैल की सुबह पाया गया था कंकाल मिलने के एक हफ्ते के अंदर ही पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। कंकाल मिलने के बाद से ही गांव में खलबली मची हुई थी। आरोपी के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

---



# रामनवमीं पर्व में निगहरा में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आदिशक्ति की भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्र नवमी को माता के भक्तों के द्वारा सभी नौ देवियों की पूजा अर्चना कर बुधवार की शाम को जवारे विसर्जन के साथ भक्ति भाव से समापन किया गया विगत 9 अप्रैल से प्रारंभ हुए नवरात्र पर्व के दौरान निगहरा ग्राम में नेत्र रूपी मां कंकाली के मंदिर में भक्तों के द्वारा पूरे भक्ति भाव से 9 दिनों तक मां की उपासना साधना की गई। नवमी के दिन माता के भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। ग्राम निगहरा में नेत्र रूपी मां कंकाली के मंदिर में कन्याओं का पूजन किया गया तथा कन्या भोज के साथ भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया।

ग्राम निगहरा में बड़े ही उत्साह के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। निगहरा ग्राम में नेत्र रूपी मां कंकाली की पूजन अर्चना ,आराधना महापर्व नवरात्रि का समापन बड़े ही गरिमामय माहौल में किया गया।नवरात्रि में नौ दिन तक माता के धाम में भक्तों का तांता लगा रहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों की संख्या में बेतहाशा बृद्धि हुई । मां कंकाली का जुलूस मंदिर से होते हुए ,ग्राम से घूमते हुए ठाकुर जी की हवेली में जुलूस रुक कर परंपरा के अनुसार बाना, काली नृत्य, भगतें देवी भगतें गाते हुए गाजे बाजे के साथ जवारों के साथ विशाल जुलूस निकाला गया और गांव की जवाहाई तलैया में जवारे का विसर्जन हुआ।

---

*हस्ताक्षर के पहले बायीं तर्जनी पर लगेगी अमिट स्याही*

# स्याही देखेंगे अधिकारी, इंकार करने पर मतदान नहीं करने दिया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करे या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये।

आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाये। आयोग के मुताबिक मतदान कर चुके मतदाता की पहचान के लिए अमिट स्याही का चिन्ह मतदाता की बायीं तर्जनी की अंगुली पर लगाया जायेगा। लेकिन यदि किसी मतदाता की बायीं तर्जनी न हो तो अमिट स्याही उसकी ऐसी किसी भी अंगुली में लगाई जायेगी जो उसके बायें हाथ में हो ।

यदि उसके बाये हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसकी दायें हाथ की तर्जनी पर लगाई जायेगी और यदि उसके दायें हाथ की तर्जनी भी न हो तो उसकी दायीं तर्जनी से प्रारंभ करते हुए उसके दायें हाथ की किसी भी अन्य अंगुली पर स्याही लगाई जायेगी । परन्तु यदि किसी मतदाता के किसी भी हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसके बायें या दायें हाथ के ऐसे सिरे (ठूंठ) पर जो भी उसके हो लगायी जायेगी।

---

## जन्मकल्याणक महोत्सव पर निकाली गई प्रभातफेरी



अहिंसा के अग्रदूत जैन समाज के 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन रूंगटा कॉलोनी मंदिर से प्रभात फेरी प्रारंभ होकर गर्ग चौराहा, घंटाघर, नईबस्ती से होते हुये महावीर कीर्ति स्तभ में समाप्त हुई। प्रभात फेरी में दिग .जैन समाज पंचायत महासभा,अखिल भारतवर्षीय दिग .जैन महिला परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ के साथ पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, अनिल कुमार, राजकुमार कलर लैब, राजू जैन, मोनू जैन, बंटी जैन अभिनंद जैन, कोमलचंद जैन, विजय कुमार वैद्य, मुकेश मोदी के साथ भारी संख्या में श्रावक-श्राविकाएँ शामिल हुई इस अवसर पर मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर स्वामी के संदेश जियों और जिनों दो आज भी सामायिक है यदि दुनिया के लोग इस संदेश को लेकर चले तो संसार में शांति स्थापित हो सकती है।

---

# ननि द्वारा आयोजित की जाएगी विभिन्न मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता साप्ताहिक कैलेंडर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः 9:30 बजे मोटरसाइकिल रैली का आयोजन नगर निगम कार्यालय से अहिंसा तिराहा से गांधी द्वार होते हुए सुभाष चौक, मधई गणेश मंदिर से मुड़कर गायत्री नगर पुलिया होते हुए नीरज टॉकीज, बाबा घाट,छात्र संग्राम परिसर ,जयसवाल पेट्रोल पंप से होकर जैन कॉलोनी लोको शेड से होते हुए मेन बजरिया एनकेजी तिराहे में मतदाता शपथ। दिनांक 20 अप्रैल शनिवार को सुरम्य पार्क में लोकतंत्र पर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सायं 5:00 बजे से शपथ गीत ,भजन ,नुक्कड़ नाटक ,नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता। दिनांक 21 अप्रैल को ऑटो रैली का आयोजन प्रातः 9.30 बजे, कार्यालय नगर निगम कटनी से मिशन चौक ,माधव नगर, विश्राम बाबा, दुगाड़ी नाला ,समदिड़या कॉलोनी, तांगा स्टैंड ,चावला चौक, पोस्ट ऑफिस, संजय नगर,ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (ईस्टलैंड,वेस्टलैंड) छपरवाह एन के जे बजरिया होते हुए तिलक कॉलेज गर्ग चौराहा सुभाष चौक से नगर निगम कटनी पर समापन। दिनांक 22 अप्रैल सोमवार को कैंडल मार्च कार्यक्रम नगर निगम कार्यालय से शाम 7:00 बजे होते हुए पुलिस कोतवाली थाना, गांधी द्वार से कपड़ा बाजार, रूई मंडी, सुभाष चौक होते हुए लक्ष्मीबाई चौराहे में समापन। दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार को लोकतंत्र मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधि अंतर्गत लोकतंत्र/ कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन साधुराम हाई स्कूल में सायं 4:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त श्री शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक मतदाता जागरूकता गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हुए अपने आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु जागरूक करें एवं दिनांक 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

---

*आयोग ने पहचान के लिए निर्धारित किये 12 वैकल्पिक दस्तावेज*

# हर मतदाता दे सकेगा वोट लेकिन मतदाता सूची में नाम होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव के लिये शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में जिले के बडवारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे प्रत्येक मतदाता को मत देने का अधिकार होगा जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। ऐसे मतदाता जिन्हें फोटो परिचय पत्र जारी किये गये हैं उन्हें वोट डालने के लिए फोटो परिचय पत्र मतदान केन्द्र ले जाना जरूरी होगा।लेकिन किन्ही कारणों से फोटो मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले मतदाताओं के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान के दस्तावेजों में से कोई एक वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिये घर-घर वितरित की गई मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता की फोटो नहीं होने के कारण पहचान स्थापित करने के लिये निर्धारित दस्तावेजों में मान्य नहीं किया जायेगा।

आयोग के मुताबिक कोई ऐसे मतदाता जो बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के दौरान घर पर मौजूद नहीं थे वो भी अपना वोट डाल सकेंगे। लेकिन ऐसे मतदाता का नाम पीठासीन अधिकारी के पास मौजूद एएसडी (एबसेंट, शिफ्टेड या डुप्लीकेट) वोटर्स की सूची में शामिल होना चाहिए।

आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान के दिन यदि ऐसा मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचता है जिसे मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं हुई और उसका नाम एएसडी वोटर्स की सूची में शामिल है तो उसे अपना फोटो मतदाता परिचय पत्र या आयोग द्वारा पहचान साबित करने के लिए निर्धारित किये गये वैकल्पिक दस्तावेज पीठासीन अधिकारी को बताना होगा । पीठासीन अधिकारी फोटो मतदाता परिचय पत्र अथवा वैकल्पिक दस्तावेज के आधार पर ऐसे मतदाता की पहचान संबंधी जांच करेगा तथा जांच के बाद ही उसे वोट डालने की अनुमति देगा । ऐसे मतदाता को मतदाता रजिस्टर में न केवल हस्ताक्षर करने बल्कि उसके अंगूठे का निशान भी मतदान रजिस्टर में लिया जायेगा।

## दिखाना होगा मान्य दस्तावेज

आयोग ने मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए बारह वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों को भी मान्य किया है। लेकिन मतदान केंद्र पर वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करने की ये अनुमति केवल उन्हीं मतदाताओं के लिए होगी जो मतदाता फोटो परिचय पत्र नहीं ला सके हैं। मतदाता को इसमें से कोई एक फोटो पहचान दस्तावेज को मतदान के पहले अपनी पहचान स्थापित करने के लिए मतदान अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। फोटो मतदाता परिचय पत्र के फोटोग्राफ से मिलान करने पर यदि किसी मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है तो उस स्थिति में भी उस मतदाता को पहचान स्थापित करने के लिये मान्य बारह दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा।

---

**भय मुक्त होकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील**

# लोकतंत्र की मशाल कार्यक्रम का आयोजन कर दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन के मतदान की तिथियां 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाताओं को प्रेरित और जागरूक करने की मंशा से जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत ने मतदान करने का संदेश देने हेतु लोकतंत्र की मशाल को इलेक्ट्रॉनिक रिमोट का बटन दबाकर प्रज्वलित किया तथा मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान श्री गेमावत ने कहा कि लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होकर आप सभी निष्पक्ष,निर्विघ्न बिना किसी लालच के निडर होकर मतदान करें और अपनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए जन-जन तक मतदान करने का संदेश देवें।

स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत ने सभी उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से भय मुक्त होकर सपरिवार शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की। उन्होंने कहा कि



लोकतंत्र के महापर्व पर सशक्त लोकतंत्र की स्थापना हेतु मतदान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। मतदान दिवस के दिन सभी लोग आवश्यक रूप से मतदान करें और कराएं। आपका एक वोट अमूल्य होने के साथ बेहद महत्वपूर्ण है।

## यह रहे मौजूद

लोकतंत्र की मशाल के कार्यक्रम में चित्रा



प्रभात,डीपीसी के.के.डेहरिया, वनश्री कुर्वेति, ज्योति सिंह , पूजा द्विवेदी, सीईओ प्रदीप सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह, मीडिया अधिकारी योगेंद्र कुमार असाटी, संजीव कुमार खरद, माधुरी गर्ग,धनराज चौधरी, नरेश राठौर, गोद फ्रिज किस्पोट्टा, बालमुकुंद मिश्रा, मोहम्मद आरिफ, अरविंद शाह,आर के तिवारी बलराम दाहिया,प्रदीप जैन,उमेश सोनी और अन्य अधिकारी




कर्मचारियों की मौजूदगी रही।।

## मतदान करनें बाटे जा रहे हल्दी चावल

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र मे आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर ''मतदान आमंत्रण आपके द्वार'' के तहत लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए लोगो के घरों में जाकर मतदान करने के लिए हल्दी चावल देकर आमंत्रण दिया जा रहा है।

---

# मतदान दिवस, मतगणना के लिए शुष्क दिवस किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने कटनी जिले के दो लोकसभा क्षेत्रों क्रमशः शहडोल के लिए मतदान 19 अप्रैल और खजुराहो लोकसभा के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल और मतगणना दिवस 4 जून के लिए जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु मतदान के 48 घंटे पूर्व एवं मतगणना दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बड़वारा विधानसभा मे मतदान दिवस 19 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र की सीमा से तीन किलोमीटर दूरी तक आने वाली समस्त मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 17 अप्रैल को शाम 6 बजे से 19 अप्रैल तक मतदान समाप्ति के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत मतदान दिवस 26 अप्रैल को जिले के मुड़वारा, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र की सीमा से तीन किलोमीटर दूरी तक आने वाली समस्त मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने मतगणना दिवस 4 जून को जिले के अंतर्गत संचालित मदिरा विक्रय केन्द्रों हेतु 3 जून की रात्रि 11:30 बजे से 5 जून को प्रातः 8:30 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है।

## पूर्णतः किया प्रतिबंधित

शुष्क दिवस में संपूर्ण जिले की परिसीमा मे स्थित एवं संचालित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, होटल बार, एफएएल 3, क्लब बार एफएएल 4, रेस्तरा बार एफएएल 2, वाईन फ्रेंचायजी शाप एवं अन्य अनुज्ञप्त मदिरा केन्द्र बंद रहेंगे। साथ ही जिले मे मदिरा का क्रय- विक्रय, विनिर्माण, परिवहन एवं संग्रहण भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सलेहा में श्री राम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**सलेहा** – हर वर्ष की भाग इस वर्ष भी भगवान श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से गाजे बाजे के साथ मनाया गया। रामनवमी उत्सव समिति सलेहा की ओर से कई दिनों से जारी तैयारियों के बाद दोपहर 2 बजे से बिहारी जू मंदिर से शोभायात्रा की शुरुआत की गई भव्य शोभायात्रा के दौरान राममयी हुआ सलेहा नगर आकर्षण का केन्द्र बनी श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी। गुरुवार को निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान सलेहा में हर तरफ जयश्री राम के जयघोष के बीच आगे बढ़ती शोभायात्रा को देखने के लिए पूरा सलेहा क्षेत्र उमड़ पड़ा, गुरुवार को निकली भव्य शोभायात्रा बिहारी जी मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलती हुई ग्राम कटरा, नयागांव तक फिर शोभायात्रा गुबडो माता गंज तक गयी और वापस सलेहा में यात्रा का समापन किया गया मार्ग में जगह जगह पूजा अर्चना के साथ पुष्प वर्षा भी की गई। शोभायात्रा में क्षेत्र से हजारों लोग सम्मलित हुए।

### तीन अपराधी जिला बदर घोषित

**पन्ना**। कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत तीन अपराधियों के विरूद्ध दो माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है। इनमें धाम मोहल्ला थाना कोतवाली निवासी मजीज उर्फ बल्ली उम्र 47 वर्ष व लुकमान मोहम्मद उम्र 29 वर्ष तथा ग्राम बुधेड़ा थाना अमानगंज निवासी छोटू राजा उर्फ सुरेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष शामिल है। अपराधियों के विरूद्ध पुलिस थाना में अपराध की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध हैं। साथ ही उक्त तीनों आदतन आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। इनके विरूद्ध पूर्व में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां भी की जा चुकी हैं, लेकिन आचरण में सुधार परिलक्षित नहीं होने तथा लोक सुरक्षा व व्यवस्था प्रभावित होने के दृष्टिगत अपराधियों को जिला बदर किया गया है। सभी अपराधी आदेश तामीली दिनांक से 12 घंटे के भीतर पन्ना जिला सहित समीपवर्ती जिलों दमोह, छतरपुर, सतना, मैहर, कटनी और उत्तरप्रदेश के बांदा एवं चित्रकूट जिले की सीमाओं से निष्कासित रहेंगे। आदेश के उल्लंघन पर अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### सहायक नोडल अधिकारी को अपमानित करने पर नोटिस जारी

**पन्ना**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने जनपद पंचायत अजयगढ़ के संविदा उपयंत्री नरसिंह सुनकर को संविदा सेवा समाप्त करने एवं आईपीसी की धारा 353 के तहत पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर नोटिस के संबंध में कारण बताने के लिए निर्देशित किया गया है। संविदा उपयंत्री की ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में विधानसभा क्षेत्र पन्ना के कमीशनिंग दल क्रमांक 10 में लगाई गई थी, लेकिन उपयंत्री द्वारा 18 अप्रैल को निर्धारित टेबिल पर कार्य संपादित नहीं किया गया। साथ ही तकनीकी नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित करने पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग भी किया गया। अन्य लोकसेवकों के समक्ष चिल्लाते हुए सहायक नोडल अधिकारी को संविदा उपयंत्री ने अपमानित भी किया। उक्त कृत्य शासकीय लोकसेवक के निर्धारित आचरण प्रावधानों के विपरीत होने तथा निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न होने व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 159 के उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# बीएलओ की लापरवाही से चार बुजुर्ग मतदाता घर से वोट करने से हुए वंचित, परिजन निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भारत निर्वाचन आयोग ने पहली बार लोकसभा चुनाव में बुजुर्गों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है जिसमें निर्वाचन आयोग ने डाक मत पत्र सुविधा से वोटिंग की यह सुविधा 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो कोविड से प्रभावित व दिव्यांग लोगों और बूथ तक जाने में असमर्थ लोगों के लिए शुरू की है जिसके तहत गुरुवार को दमोह लोकसभा की विधानसभा हटा क्षेत्र में द्वितीय चरण के तहत होने वाले मतदान की प्रक्रिया मतदान पैनल द्वारा संपन्न कराई गई लेकिन हटा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसीलपुर में बीएलओ द्वारा घर से मतदान नहीं करने की झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने पर चार बुजुर्गों को घर से वोट करने के लिए वंचित रहना पड़ा।





उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है वही 85+ के बुजुर्गों को अधिकारियों की पैनल टीम द्वारा घर से वोट करने विगत माह पूर्व प्रत्येक बूथ अंतर्गत बीएलओ के माध्यम से बुजुर्ग मतदाताओं को घर से वोट करने सहमति पत्र लिए गए थे लेकिन रसीलपुर ग्राम पंचायत में बीएलओ राजेश श्रीवास्तव द्वारा वार्ड क्रमांक 9 मैं निवास करने वाले 92 वर्षीय बाबूलाल पिता सरजू पटेल व उनकी पत्नी श्रीमती गिरिजा रानी के अलावा इनके ही परिवार के गोविंद पिता सुखलाल पटेल उम्र 88 वर्ष एवं उनकी पत्नी 86 वर्षीय सियारानी के घर से वोट करने वाले सहमति पत्र झूठे भरकर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत किए गए। जब इस संबंध में बाबूलाल पटेल एवं गोविंद पटेल के बेटों से बात की तो रेवाराम धनोरया ने बताया कि हमारे घर पर बीएलओ किसी भी प्रकार की जानकारी देने व लेने नहीं आए हमारे माता-पिता विगत चार माह से बीमार हैं, चल फिर नहीं सकते, हम चाहते हैं कि हमारे माता-पिता को घर से ही वोट करने की सुविधा मिलती तो हमें और हमारे माता-पिता को बड़ी खुशी होती। वही बुजुर्ग गोविंद से बात की तो उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद देश में पहली सरकार बनाने के लिए 1952 में मतदान किया था तब से लेकर अपने देश में अपनी सरकार बनाने के लिए 17 बार निरंतर मतदान किया। उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहां कि यदि प्रशासन के अधिकारी सहयोग करते तो मैं जिंदगी के अंतिम पड़ाव में इस बार 18 वीं बार मतदान करने से वंचित नहीं रहता। मतदान नहीं करने पर मुझे बहुत दुख है। इसी प्रकार 92 वर्षीय बाबूलाल के पात्र प्रशांत ने बताया कि हमारे यहां घर पर कोई भी बीएलओ जानकारी लेने नहीं आए जिससे अब हमारे माता-पिता मतदान से वंचित रहेंगे। वहीं यदि इसी प्रकार के मामलों की सभी पोलिंग बूथ पर जांच कराई जाए तो कई पोलिंग बूथों पर वंचित बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या और भी होगी जिन्हें संबंधित बीएलओ की लापरवाहीं निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई घर से वोट डालने की सुविधा से वंचित होना पड़ा। वही के संबंध में गोविंद पटेल के पुत्र रेवाराम पटेल द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर से मोबाइल पर शिकायत दर्ज भी कराई गई जहां उन्होंने गंभीरता से लेते हुए जांच करने की बात की।

# मां शारदा के दरबार में भक्तों की अटूट आस्था

## जवारे लेकर माई के द्वारे पहुंचे भक्त, बाने छिदवा कर दिखाया माई का चमत्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़

तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पतलोनी मैं श्री शारदा देवी जी और 12 गांव की खेर माता जी का सुंदर स्थान है। चैत्र राम नवमी के अवसर पर महिलाएं बालक बालिकाएं बड़ी संख्या में घट खप्पर जवारे लेकर माई के द्वारे आते है। मां देवी को चढ़ावा अर्पित करने वाले देवी जी के पांडव भगवत प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष लगभग 70 व्यक्तियों ने मां देवी जी के निशान बने। श्री हनुमान जी के स्थान से मुंह और गले में छिदवा कर लगभग आधा किलोमीटर दूर ढोल नगाड़े कीर्तन के साथ पैदल चल कर श्री शारदा देवी जी दरबार पहुंचे और मंदिर का परिक्रमा लगाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। सभी मां शारदा देवी जी के जयकारा लगाकर बाने निकाल दिए। मां भवानी की कृपा से मुंह और गले में किसी प्रकार का निशान नहीं बना। आज भी देवी जी की महिमा देखने को मिल रही है। श्रद्धालु अपने दुःख, दर्दों को लेकर आते है एवं श्री शारदा देवी जी दरबार में अर्जी लगाते है। जिन व्यक्तियों की मनोकामना पूर्ण हो जाती वह चैत्र की पूर्णिमा को आकर घट खप्पर जवारे का माताजी को चढ़ावा कर भंडारे करते हैं।

# रात्रि 12 बजे नरसिंह बिहारी सिद्ध पीठ के खुले पट, दर्शनों को उमड़ी भक्तों की भीड़

## आरती के बाद पूरी रात्रि चला भजन संकीर्तन जागरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा नगर में स्तिथ अति प्राचीन नरसिंह भगवान की सिद्ध पीठ में वर्ष में दो बार मध्य रात्रि 12बजे भगवान के पट खुलते है। विशेष पूजा अर्चना की जाती जिससे नगर सहित आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते है और भगवान लक्ष्मी नरसिंह के दर्शन पूजन करते हैं पूरी रात्रि जागरण किया जाता है। जिसमें भजन संकीर्तन ढोल नगाड़ों के साथ भगवान का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मान्यता है इस दिन मध्य रात्रि को भगवान नरसिंह बिहारी की चौकी लगती है जिसमें श्रद्धालुओं के द्वारा मांगी गई हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही आस्था विश्वास के चलते रामनवमी की मध्य रात्रि में भगवान नरसिंह बिहार के दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और परिवार की सुख समृद्धि के लिए भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए नगर वासियों के द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। बता दें जबेरा नगर में स्थित भगवान नरसिंह की सिद्ध पीठ पर नगर व क्षेत्र वासियों अटूट श्रद्धा भक्ति है कहते हैं। दर्द पीड़ा कोई भी कठिन परिस्थिति में घर बैठे भगवान नरसिंह बिहारी के नाम का स्मरण करके अपने अपने-देवालय से भभुति उठाकर खिलाने मात्र से दर्द पीड़ा दूर हो जाती है। यही आस्था भक्ति प्रकट करने के लिए वर्ष में दो बार मध्य रात्रि में भगवान नरसिंह बिहारी के पट खुलते और विशेष पूजन अनुष्ठान किया जाता है जिसकी दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# मां मटैना शक्ति धाम में भक्ति भाव से जवारों का विसर्जन



**बनवार**। चैत्र नवरात्रि की नवमीं पर शक्तिधामों में जवारे दर्शन विसर्जन के लिए आस्था का जन सैलाब उमड़ा चौबीसा क्षेत्र की इष्ट देवी मटैना शक्ति धाम दरबार में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। बनवार चैत्र नवरात्रि की नवमीं पर शक्तिधामों में जवारे दर्शन विसर्जन के लिए आस्था का जन सैलाब उमड़ा चौबीसा क्षेत्र की इष्ट देवी मटैना शक्ति धाम दरबार में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। देवालयों में माता के नाम पर की गई घट स्थापना जवारे माता के दर पर चढ़ाने के लिए पंडा-पुजारियों की कठोर साधना भक्ति के दर्शन हुए और भक्ति, उत्साह, ऊर्जा का संचार हो रहा था। ग्राम रोड़ बनवार चौबीसा क्षेत्र की खेर मांटेना शक्ति धाम भक्तिभाव से भक्त भाव खेलते नजर आयें और मां के नाम के लोहे के बाना छिदवाते रहे। वहीं श्रृद्धालु हाथों में अग्नि से प्रज्वलित ज्वाला खप्पर लिए भक्ति भाव से यह असहज कार्य बड़े ही सहज भाव से करते रहे और एक बाने में दर्जनों लोग आपने गाल छेदकर मां की भक्ति की शक्ति प्रगट करते हैं। जिनके दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां माटेना शक्ति धाम पहुंचते हैं।


# एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने निकाले 40 हजार रूपये

**दमोह**। बुजुर्ग दंपत्तियों को एटीएम के अंदर कार्ड बदलकर फ्रॉड करने के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं ऐसे ही एक घटना आज स्टेडियम के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम काउंटर पर हुई । पीजी कॉलेज के रिटायर्ड मुख्य लिपिक के एल राय 70 वर्ष आज दोपहर 12:00 बजे एटीएम से पैसे निकालने जाते हैं उस समय एटीएम मशीन का जीरो बटन बार-बार प्रेस करने पर नहीं दब रहा था। यह देखते हुए एटीएम के बाहर खड़ा 50 वर्ष के लगभग का अधेड़ अंदर आ जाता है और मदद करने के बहाने श्री राय साहब का एटीएम पुनः डलवाता है पिंन डलवाता है फिर भी पैसे नही निकलते.. क्योंकि ट्रांजेक्शन नहीं हो पाता है तो श्री राय एटीएम कार्ड लेकर किल्लाई नाके स्थित दूसरे एटीएम जाकर पैसा निकालने का प्रयास करते है जैसे ही वे वहां एटीएम कार्ड डालते है तो देखते हैं कि उनका एटीएम कार्ड तो बदल चुका है और मोबाइल पर चार ट्रांजैक्शन 10000 -10000 से किया जा चुके है ऐसा मेसेज आ जाता है मिस्टर राय जब तक समझ पाते उनके साथ फ्रॉड हो चुका था वापस स्टेडियम के एटीएम बूथ पर पहुंच कर देखते हैं तो उन्हें वहां वह व्यक्ति नहीं मिलता है जिसने बड़ी चालाकी से कार्ड बदल दिया था। इस पूरी घटना को सिटी कोतवाली दमोह में आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन दे दिया गया है।

# युवक की हत्या कर शव रेलवे क्रॉसिंग पर फेंकने का आरोप

**दमोह**। पथरिया थाना के जमुनिया गांव में बीती रात एक युवक की हत्या के बाद उसके शव को रेलवे क्रासिंग पर फेंककर आरोपियों के भाग जाने का आरोप परिजनों ने लगाया है परिजनों द्वारा की गई रिपोर्ट पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पथरिया थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव निवासी कामेश आदिवासी का शव बुधवार को बोतराई रेलवे फाटक के पास मिलने से समझनी की हालात बने रहे सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस के अलावा पथरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले में मृतक के चचेरे भाई नरेश आदिवासी का कहना है रात में वह कामेश के साथ पथरिया से गांव वापस लौट रहा था। तभी बोतराई रेलवे फाटक के पास भरत चौधरी के साथ दो अन्य युवकों ने उसे रोककर मारपीट शुरू कर दी। तथा उसे तब तक मरते रहे जब तक उसकी जान नहीं निकल गई।इस दौरान मौका पाकर वहां से गांव भागकर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वही मामले में नामजद कराए गए आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। हत्या की वजह का भी फिलहाल पता नहीं लग सका है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# श्रीमद्भागवत कथा के महात्म को सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता



**अजयगढ़**। नगर के समीपी गांव बहादुरगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रेम यज्ञ के प्रथम दिन गुरुवार की रात प्रवचन करते हुए पं. ज्ञानेन्द्र महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिनु परतीती होई नहीं प्रीति अर्थात माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता, अस्थायी हो जाता है। धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मसात कर लें तो जीवन से सारी उलझने समाप्त हो जाएगी। द्रौपदी, कुन्ती महाभागवत नारी है। कुन्ती स्तुति को विस्तारपूर्वक समझाते हुए परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। पश्चात गौकर्ण की कथा सुनाई गई।कथा व्यास ज्ञानेंद्र महाराज ने कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने अच्छे ओर बुरे कर्मो की परिणिति को विस्तार से समझाते हुए आत्मदेव के पुत्र धुंधकारी ओर गौमाता के पुत्र गोकरण के कर्मो के बारे में विस्तार से वृतांत समझाया ओर धुंधकारी द्वारा एकाग्रता पूर्ण भागवत कथा श्रवण से प्रेतयोनी से मुक्ति बताई तो वही धुंधकारी की माता द्वारा संत प्रसाद का अनादर कर छल.कपट से पुत्र प्राप्ती ओर उसके बुरे परिणाम को समझाया।मनुष्य जब अच्छे कर्मो के लिए आगे बढता है तो सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के पीछे लग जाती है ओर हमारे सारे कार्य सफल होते है। ठीक उसी तरह बुरे कर्मो की राह के दौरान सम्पूर्ण बुरी शक्तियॉ हमारे साथ हो जाती है। इस दौरान मनुष्य को निर्णय करना होता कि उसे किस राह पर चलना है। छल ओर छलावा ज्यादा दिन नहीं चलता। छल रूपी खटाई से दुध हमेशा फटेगा। छलछिद्र जब जीवन में आ जाए तो भगवान भी उसे ग्रहण नहीं करते है- निर्मल मन प्रभु स्वीकार्य है। छलछिद्र रहित ओर निर्मल मन भक्ति के लिए जरूरी है। प्रधान यजमान सुरेन्द्र कुमार रावत एवम धर्म पत्नी श्रीमती रावत ने ब्यास पीठ का पूजन किया। कथा आयोजक मोहित रावत ने अजयगढ़ क्षेत्र के समस्त भगवत प्रेमियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का रस पान ग्रहण करें। उन्होंने बताया की भागवत कथा दिनांक 23 मई 2024 तक दोपहर 3रू00 बजे से हरि इच्छा तक चलेगी। कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, इसके उपरांत कथा का शुभारंभ किया गया।

### प्रत्येक वोट जरूरी है पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

**पन्ना**। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत “प्रत्येक वोट जरूरी है” विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे।

# जिले में मेडिकल कॉलेज की खुशी में भी पानी फिरा

### सिटी स्केन मशीन की तर्ज पर अब मेडिकल कॉलेज को लेकर पन्ना में स्वास्थ्य के प्रति व्यवस्था बढ़ाने को लेकर आम आदमी पर ही भारी



**पन्ना**। सम्पूर्ण स्वास्थ्य को लेकर जहां संवेदनशीलता का बात करने वाले सरकार की मंशा अलग ही अंदाज में देखने को मिलती है। पन्ना जिले को लेकर मेडिकल कॉलेज की सौगात विधानसभा चुनाव के दौरान कागज में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में दिशा मिली थी। जगह चयन करने को लेकर बात सामने आई थी वहीं कुछ समय पहले पीपी मोड में मेडिकल कॉलेज बनाये जाने को लेकर जिले में जमीन का आंकलन करने के लिए टीम भी पहुंची थी। चर्चा में चल पड़ा मेडिकल कॉलेज जो निजी कम्पनी के द्वारा मेडिकल कॉलेज को लेकर भी अंगुवाई की जा रही है। यानि की क्या है पीपी मोड यह तो जिम्मेदार ही जाने पर जिस तरह से मामला मीडिया के माध्यम से बाहर निकलकर आया की निजी हांथों में मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी निर्माण को लेकर जगह की तालाश से जनचर्चा बन गई। आखिर जगह हमारे जिले की शासकीय भूमि वेशकीमती जो निजी हांथों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर कार्यवाही के लिए आखिर क्यों सरकार के द्वारा जब मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई थी तो फिर निजी कम्पनियां या पीपी मोड यह क्या सब। क्या पन्ना जिला में मेडिकल कॉलेज प्राईवेट की तरह सौगात के रूप में माना जाये। वैसे भी कुछ कह पाना कठिन है क्योंकि इस जिले में सब जायज है। यहां की आम जनता जनप्रतिनिधियों को आदर्श मानकर कुछ भी सहन करने की क्षमता रखती हैं जिला अस्पताल के सामने सिटी स्केन मशीन इसका जीता जागता उदाहरण है। हमारे यहां उद्योगिक कम्पनियों से कोरोना काल के समय सिटी स्केन मशीन को लेकर राशि जमा कराई गई थी करोड़ों रूपये वहीं शासकीय के द्वारा भी सिटी स्केन मशीन को लेकर सुविधा प्रदान करने की बात जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई इतना ही नहीं जो सिटी स्केन मशीन संचालित है इसका शुभारंभ मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सीएम शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया गया था। वह सिटी स्केन मशीन श्रीजी कम्पनी का वोर्ड स्वयं ही बयां कर रहा है। क्या शासन की मशीन या पन्ना जिले की जनता को लेकर सी.एस.आर. से आम जनता को स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करने के लिए सिटी स्केन मशीन के लिए जो राशि प्रदान की गई थी उसका औचित्य ही क्या साबित हुआ। जब निजी कम्पनी की मशीन तो वह राशि किस लिए। और किस उपयोग में लाई गई। यह सब बंद कार्ड है। यही तो शासन का राज है इतना ही नहीं पन्ना की भोलीभांलि जनता को इसके बाद भी कोई लेना देना नहीं। आज श्रीजी कम्पनी की सिटी स्केन मशीन के माध्यम से व्यवसाय का खेल जारी है। वहीं प्रशासन को भी अब इससे सायद कोई सरोकार नहीं है। इसी तर्ज पर मेडिकल कॉलेज की सौगात खुशी के बाद भी कुछ खास नहीं क्योंकि निजी हांथों में अब मेडिकल कॉलेज की बारी जमीन उपलबध कराकर आम आदमी के स्वास्थ्य के नाम पर लोगों को रोजगार की दिशा यहां बड़े कम्पनी या बड़े लोगों के स्वास्थ्य करने की मशां को लेकर पीपीमोड में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन परखी जा रही है। क्या यह पन्ना जिले के साथ खुशी के हालात या कि जिन्हें मेडिकल कॉलेज बनाने या संचालन के लिए जिम्मेदारी दी जा रही है उनके लिए खुशी यह तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ही बताये पन्ना के साथ कब तक इस तरह के हालात कायम रहेगें।

**खबर संक्षेप**

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनों की मॉकपोल प्रक्रिया आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय क्षेत्र 07-दमोह के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्र 038-देवरी, 039-रहली, 042-बण्डा की ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनों की मॉकपोल प्रक्रिया आज 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर में की जायेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों से आग्रह करते हुए कहा है कि ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनों के मॉकपोल कार्य में निर्धारित स्थान एवं समय पर आप स्वयं उपस्थित होने अथवा किसी प्राधिकृत पदाधिकारी / प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

### वरिष्ठ नागरिक श्रीमती चंद्रानी ने किया मतदान

**दमोह ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र दमोह मे आज पोस्टल बैलेट के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। इसी क्रम में विधानसभा हटा अंतर्गत जवाहर वार्ड निवासी वरिष्ठ नागरिक श्रीमती चंद्रानी पति मूलचंद खटीक द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी एवं सेक्टर ऑफिसर श्री कुर्मी उपस्थित रहे ।

रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 2339 वर्ग किलोमीटर एरिया के साथ देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बना

# विस्थापन ने पकड़ी रफ्तार: अब टाइगर रिजर्व के लिए खपराखेड़ा होगा विस्थापित

### 175 लोगों को 26.25 करोड़ मुआवजा, छह सालों में बाघों की संख्या 21 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नौरादेही अभ्यारण्य से टाइगर रिजर्व बने देश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व जहां पर इस समय 21 बाघों सहित शाकाहारी और मांसाहारी जानवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और टाइगर रिजर्व चहलकदमी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अब टाइगर रिजर्व में विस्थापन की रफ्तार ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है जहां कोर एरिया 1414 वर्ग किलोमीटर का होगा। जबकि बफर क्षेत्र 925.120 वर्ग किलोमीटर का होगा। टाइगर रिजर्व कुल मिलाकर 2339 वर्ग किलोमीटर में फैलेगा। इसके बफर एरिया में 72 गांव आ रहे हैं। इनमें से अब तक 30 गांवों को विस्थापित कर 2130.59 हेक्टेयर जमीन खाली कराई जा चुकी है। जबकि सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिले के 42 गांवों को विस्थापित कर 16722.68 हेक्टेयर भूमि खाली कराई जाना बाकी है। मुख्य वन संरक्षक अनिल के सिंह ने बताया कि अब खपराखेड़ा गांव का विस्थापन होना है। यहां के 175 परिवारों की फाइल तैयार हो गई है। 15 लाख रुपए प्रति परिवार के हिसाब से 26 करोड़ 25 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। फिर मोहली गांव के विस्थापन की बारी है। गांव में कुल 825 परिवार निवास कर रहे हैं। विस्थापन के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में मिला बजट खत्म हो चुका है। नए वित्तीय वर्ष में 300 करोड़ का बजट मिलना है। बजट आते ही विस्थापन की प्रक्रिया तेज हो जाएगी।

#### 4300 परिवारों का विस्थापन

नौरादेही अभयारण्य के लिए 2012-13 से शुरू विस्थापन की प्रक्रिया के दौरान अब तक 30 गांवों के 4300 परिवारों का विस्थापन हो चुका है। इनमें बरपानी, तरा, भड़ा, करनपुर, मढ़िया, बधा, बिजनी, कुसमी (लगरा), तिंदनी, खापा, महका, सिंगपुरी (जामुनझिरी), जामुनहटरी, महगवां, खापा, आमापानी, केसली, आंखीखेड़ा, केरपानी, सर्रा, पुटदेही, खमरापठार, जोगीपुरा, झमरा, उकरपार, दुधिया तथा हांडीकाट शामिल हैं। इनके विस्थापन पर अब तक 645 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। सिंह ने बताया कि विस्थापन के मुआवजे के रूप में प्रति परिवार 15 लाख रुपए मुआवजा दिया जाता है। 18 साल या इससे अधिक उम्र के सदस्य को एक परिवार माना जाता है।

#### सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्व

वन संरक्षण सागर ने बताया कि वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व बनने के बाद देश में सबसे ज्यादा 7 टाइगर रिजर्व वाले प्रदेश का तमगा मध्यप्रदेश के नाम हो गया है। मध्यप्रदेश में अभी सतपुड़ा, पन्ना, पेंच, कान्हा, बांधवगढ़ और संजय दुबरी टाइगर रिजर्व हैं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 6-6 टाइगर रिजर्व थे। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व बनने के बाद मध्य प्रदेश पहले नंबर पर आ गया है। कर्नाटक पांच टाइगर रिजर्व के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वर्तमान में 21 बाघ हैं जहां 28 मार्च को एक बाघ और बाघिन का जोड़ा टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था जिसको मिलाकर टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 21 है।

#### जैव विविधता में भी समृद्ध है टाइगर रिजर्व

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के जंगल में सूअर, नीलगाय, चिंकारा, चीतल, सांभर जैसे बड़े शाकाहारी जीव मौजूद हैं, जो बाघों का मुख्य आहार हैं। यहां 30से35तेंदुआ भी हैं। यह विंध्य पर्वतमाला के नजदीक पठारी हिस्सा है। यहां मिश्रित और छिछले वन हैं। वन में 49 से ज्यादा प्रजातियों की झाड़ियां, 18 से ज्यादा प्रकार की बेल-लताएं, 92 से ज्यादा प्रजातियों के वृक्ष और 35 से ज्यादा प्रकार की घास पाई जाती है। महुआ, करंज, बेल, खैर, तेंदू के वृक्ष भी बहुतायत में हैं। खुले जंगल और घास के बड़े-बड़े मैदान होने से यहां तेंदुआ, भेड़िया, जंगली कुत्ता जैसे वन्यप्राणियों के अलावा 250 से ज्यादा प्रजातियों के पक्षी, जलचर, उभयचर और शाकाहारी-मांसाहारी जीव व वनस्पतियां हैं। यह इस क्षेत्र को जैव विविधता के मामले में सबसे समृद्ध बनाता है।


#### 1975 में बना था नौरादेही अभयारण्य

वर्ष 1975 में नौरादेही गांव के नाम पर अभयारण्य की स्थापना की गई थी। 2018 में यहां बाघ शिफ्टिंग प्रोजेक्ट पर काम हुआ। महज 6 साल में 21 बाघों का कुनबा हो गया। नौरादेही में पन्ना व रातापानी के जंगल से भी बाघों का मूवमेंट रहता है। नौरादेही से जुड़ने से पहले रानी दुर्गावती अभयारण्य 23.2 वर्ग किलोमीटर में फैला था। यह प्रदेश का सबसे छोटा अभयारण्य था। केन-बेतबा लिंक परियोजना के तहत बनने वाले दौधन बांध के डूब क्षेत्र में पन्ना टाइगर रिजर्व सहित वन क्षेत्र की 6017 हेक्टेयर जमीन चली जाएगी। इससे टाइगर रिजर्व छोटा हो जाएगा। इसके बाद प्रदेश में नया टाइगर रिजर्व बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। चीता परियोजना के लिए भी नौरादेही को पसंद किया गया है।

# होम वोटिंग प्रथम चरण की प्रक्रिया संपन्न

**चतराबाई रोहितास उम्र 109 साल ने किया मताधिकार का प्रयोग**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम के तहत आज होम वोटिंग प्रथम चरण की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। दूसरे चरण की प्रक्रिया 20 अप्रैल को होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में होम वोटिंग की टीम ने 85+ से अधिक उम्र के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान कराया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने बताया आज दमोह में होम वोटिंग के पहले चरण की शुरुआत हुई है। होम वोटिंग के लिए 1059 नागरिकों के मतदान का हमारा लक्ष्य था जिसके लिये लगभग 120 टीमें रवाना हुई, इनमें से अभी तक 112 टीमें वापिस आ चुकी है और बाकी रास्ते में है। इस प्रकार से होम वोटिंग का पहला चरण बहुत सफलता पूर्वक और निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ है, जिसमें 85+वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाता जिन्होंने होम वोटिंग के लिए सहमति दी थी, उन्होंने आज होम वोटिंग में हिस्सा लिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने बताया दमोह की चतरा बाई रोहितास जिनकी उम्र 109 साल है, उन्होंने भी आज मताधिकार का प्रयोग किया है। यह बाकई में हमारे लिए प्रेरणा का विषय है, कि 109 साल की उम्र में उन्होंने मतदान किया है। यह वाकया हम सभी को प्रेरित करता है कि जितने भी दमोह में मतदाता है वे सभी अनिवार्य रूप से मतदान करने 26 अप्रेल को अपने केन्द्र पर अवश्य जायें। उन्होंने बताया 18 अप्रैल को होम वोटिंक का पहला चरण था, उसमें जिन्होंने सहमति दी थी, लेकिन किन्हीं कारण से वे वोट नहीं डाल पाये है, उनके लिए आयोग द्वारा एक और अवसर निर्धारित किया गया है 20 अप्रैल का, हमारे दल एक बार फिर से 20 अप्रैल को 80+मतदाताओं के घर जाएंगे, जहां-जहां जो-जो लोग शेष रह गए हैं, उनकी होम वोटिंग के लिए एक बार फिर से कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार दो चरणों में 18 और 20 अप्रैल को होम वोटिंग की कार्यवाही संपन्न हो जाएगी।

# दो भालूओं ने मचाया आतंक, तीन को किया घायल



**दमोह ।** जिले के वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा अंतर्गत गौशाला तेन्दूखेडा एवं कृषि मण्डी तेन्दूखेड़ा खकरिया रोड के पास तीन व्यक्तियों को रीछ द्वारा घायल किया गया, जैसे ही उक्त घटना की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई तत्काल वन मण्डल अधिकारी एम.एस. उइके के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल तथा अन्य वन अमला द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर सम्पूर्ण घटना की जानकारी ली गई। प्राप्त जानकारी अनुसार रीछ द्वारा घायल व्यक्तियों में दुर्गा यादव उम्र 62 वर्ष तथा एक छोटा बच्चा जिसका नाम सुभाष जिसकी उम्र 06 वर्ष बताई गई है, को कृषि उपज मंडी के पास तथा लक्ष्मण लोधी उम्र 65 वर्ष को गौशाला के पीछे रीछ द्वारा घायल किया गया है। इसी दौरान रीछ द्वारा दो पशुओं को भी घायल किया गया। तीनों घायलों को तात्कालिक सहायता के रूप में राशि 3-3 हजार रूपये की राशि चिकित्सालय में पहुंचर प्रदान की गई। वन मण्डल अधिकारी श्री उइके ने बताया घायलों के इलाज के दौरान जो भी पैसा खर्च होगा वह वन विभाग द्वारा विधिवत संबंधित घायलों को दिया जायेगा। घटना के तत्काल बाद वन अधिकारियों द्वारा आस-पास के क्षेत्र में मुनादी करवाकर आम जन सामान्य को सतर्क रहने की सलाह दी गई। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो इस के लिये परिक्षेत्र सहायक तेन्दूखेड़ा, परिक्षेत्र सहायक सैलवाड़ा तथा बीर्ड गार्ड खकरिया, बीट गार्ड इमलिया एवं बीट गार्ड पौड़ी के साथ आस-पास के वनक्षेत्रों में सर्चिंग की गई तथा वन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है ।

# प्रधानमंत्री आज इमलाई में करेंगे जनसभा को संबोधित

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को दमोह नगर के पास इमलाई गांव में दोपहर 12 बजे विशाल विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने बताया कि दमोह नगर के नजदीक इमलाई गांव में विष्व के सबसे लोकप्रिय नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमे दमोह लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं से विशाल जन समूह मोदी जी को सुनने आने वाला है। व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं और ऐसा लग रहा था कि पूरी लोकसभा से मोदी जी के स्वागत के लिए और सुनने के लिए उमड़ पड़ेगा। नवम्बर माह में विधान सभा चुनाव के समय भी जिले वासियों को मोदी जी की विशाल जन सभा की थी जिसमें एक लाख से अधिक आम जनता की गरिमामय उपस्थिति रहीं थीं और इस बार फिर से विशाल आम सभा होने वाली है। जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार और सह प्रभारी महेन्द्र जैन ने बताया कि मोदी जी के स्वागत के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णु दत्त शर्मा, मध्य प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री दमोह के पूर्व सांसद प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, पूर्व मंत्री रहली विधायक गोपाल भार्गव, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, धर्मेन्द्र सिंह सहित सभी विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



# दो स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समिति सचिव एसके नेमा ने प्रधान अध्यापक सोफिया स्कूल किल्लाई नाका एवं प्रधान अध्यापक आरसी पब्लिक स्कूल पटेरा को कारण बताओ सूचना पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि सूचना पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जिला समिति को लिखित में अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाये। निर्धारित समय-सीमा में पक्ष प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी जिसके लिये स्कूल प्रबंधन स्वयं उत्तरदायी होगा ।जारी आदेश में कहा गया है गंभीर शिकायत के अनुक्रम में क्यों न संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम 6 (1)(ग) निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण ऐसे संबद्धता बोर्ड के विनियमों के अनुसार विनिश्चित किया जाएगा जिससे वह संबद्ध है, उल्लंघन फलस्वरूप मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 की धारा 10(2) के अंतर्गत रूपये दो लाख तक की शास्ति अधिरोपित करने एवं इसके अतिरिक्त धारा 10(5) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विद्यालय की मान्यता को निलंबित/रद्द करने की अनुशंसा सक्षम प्राधिकारी को की जाए।

# पूर्व संध्या पर युवा मोर्चा ने निकाली रैली

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 अप्रैल के दमोह आगमन की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला दमोह द्वारा विशाल जन जागरण वाहन रैली नगर के विभिन्न मार्गो से निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। वाहन रैली जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जिला भाजपा कार्यालय में समाप्त हुई। रैली में जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, संभाग प्रभारी मुकेश चतुर्वेदी, लोकसभा प्रभारी विनोद यादव, दमोह लोकसभा प्रत्याशी राहुल सिंह, लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक सिद्धार्थ मलैया, प्रधानमंत्री कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक भार्गव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय, युवा मोर्चा लोकसभा प्रभारी अरुण तिवारी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम चौधरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन आदि सम्मिलित हुए। वाहन रैली का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा युवा मोर्चा की जन जागरण वाहन रैली की अगुवाई करना रहा। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को दमोह पधार रहे हैं, प्रधानमंत्री के दमोह आगमन की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जन जागरण वाहन रैली का आयोजन किया गया एवं प्रधानमंत्री के आगमन के लिए नगर वासियों एवं युवाओं को आमंत्रित किया। युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के झंडे का वह डंडा है जिस पर भाजपा का परचम लहराने का दारोमदार सदैव रहता है।



# बालक छात्रावास का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, छात्रावास बंद मिला

**दमोह।** हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकान ने आज शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास हटा का औचक निरीक्षण करने पर छात्रावास बंद पाया गया । निरीक्षण के दौरान चौकीदार रमपतिया अहिरवार, रसोइया नीतू अहिरवार और रेखा अहिरवार अनुपस्थित पाए गए। अधीक्षक सरजू प्रसाद अहिरवार द्वारा बताया गया कि छात्रावास में वर्तमान में केवल एक ही छात्र निवासरत है, शेष छात्र अवकाश एवं त्यौहार होने के कारण अनुपस्थित हैं। एसडीएम श्री मरकाम द्वारा उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किए जाने पर पाया गया कि रजिस्टर अप्रैल माह से भरा नहीं गया है। साथ ही रसोई के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि सुबह का नाश्ता एवं खाना की कोई तैयारी नहीं की गई है। इस बारे में छात्र सुनील अहिरवार से चर्चा करने पर बताया गया कि आज का नाश्ता नही मिला है। अधीक्षक के घर से कल का खाना आया था। कम बच्चे होने के कारण रसोईये ने खाना नही बनाया है।

# खमरिया खेर माता के यहां लगा एक दिवसीय मेला



**हिंडोरिया।** माता खमरिया खेर के यहाँ आज गुरूवार को पारंपरिक एकदीवशीय मेला का आयोजन किया गया। जिसमे लोगो ने विशेस पूजा अर्चना कर माता रानी को सैकड़ों जबारे घट अर्पित किए। यहाँ पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर माता का आशीर्वाद लिया। सुबह से शाम तक नगर एवं आस पास के लोगो की भारी भीड़ लगी रही जिनकी मन्नते पूर्ण हो गई । उन्होंने माता के यहां भंडारे करवाए अनेक लोगो ने देवी को झूमर,घंटा भी अर्पित किए। मेले में लगी दुकानों से लोगो ने खरीदारी भी की मंदिर परिषद में कन्या भोज कराकर भक्तो के द्वारा भजन कीर्तन, देवी भक्तो का कार्यक्रम किया गया। मेले में चारो ओर माता रानी खमरिया खेर माता के जयकारे गूंज रहे थे। इस धार्मिक मेले में अनेक लोगो के द्वारा प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। जन जन की आस्था का प्रतीक यह मेला सामाजिक समरसता की दृष्टि से एक मात्र मेला है मेले में पुलिस व्यवस्था ठीक रही।

# गणधर परमेष्ठी द्वारा आगम की रचना होती है: आचार्य श्री समयसागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर



सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र,जैनतीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ आचार्य भगवन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य कुंडलपुर में विराजमान है। इसअवसर पर अभिनव आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आगम के माध्यम से बहुत सारा विषय सूक्ष्मता को लेकर वर्णन मिलता आगम में वह आगम की रचना दिव्य ध्वनि के आधार से गणधर परमेष्ठी द्वारा आगम की रचना होती है और द्वादशांग धीरे-धीरे काल के प्रभाव से समझ लो धीरे-धीरे अपनी योग्यता को लेकर कर्म के उदय के कारण वह श्रुत राग को प्राप्त होता हुआ आया है लेकिन वस्तुतः क्षीरसागर का वह जल उसमें से मान लो आपने एक लोटा भरकर ले आए तो वह जल क्षीरसागर का ही जल माना जाता है ।उसी प्रकार गणधर परमेष्ठी के पश्चात उक्तरवर्ती आचार्यों के माध्यम से वह क्षीर सागर की धारा बहती हुई यहां तक आई और आचार्य महाराज उनको आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के माध्यम से उनके मुखारविंद से और उनके अनुभव के माध्यम से आचार्य गुरुदेव को प्राप्त हुआ। बहुत अद्भुत पुण्य का उनका योग रहा और उन्होंने आचार्य ज्ञान सागर महाराज को उनकीं उपस्थिति में भी और उनके समाधिस्थ होने के उपरांत भी उनको हृदय में बिठाया और निर्भीक होकर के निर्भीकता के साथ ज्ञान का अर्जन करते हुएं ज्ञान सागर महाराज के माध्यम से प्राप्त जो रत्नात्रय की निर्दोष आराधना करते हुए रत्नात्रय को निर्मल बनाया है। और अपने जीवन काल में जो ज्ञान का अर्जन उन्होंने किया है वह शायद ही कोई और भी कर सकेगा ।हमारे पास है क्या आप लोग कहते महाराज आप भी हमें भी सूत्र दे दो सूत्र के रचयिता आचार्य हुआ करते हैं और उन्होंने जो भीसूत्रों का निर्माण किया है उसमें से किसी भी सूत्र को आप अपनी बुद्धि का विषय बना लो उपयोग के माध्यम से उन सूत्रों की आराधना उन सूत्रों की गहराई तक पहुंचने का पुरुषार्थ हमें भी करना और आप लोगों के लिए भी करना बहुत अद्भुत विषय पूज्यपाद स्वामी ने स्पष्ट किया है प्रसंग धर्म ज्ञान का है आप लोग सर्वार्थ सिद्धि का अवलोकन कर सकते हैं मुझे वह प्रसंग स्मरण में आ रहा है कहां तक में आपके सामने रख पाऊं यह अलग वस्तु किंतु क्षयोपशम है आपके पुण्य के उदय से वह भाव आपके सामने रख पाऊंगा आज्ञा विशेष धर्म ज्ञान का विषय है। पूज्यपाद स्वामी कह रहे हैं कि उपदेशता आवावात उपदेशता का अभाव हम लोगों के लिए तो सर्वार्थ सिद्धि का निर्माण करके महान उपकार किया है और वे उमा स्वामी का तत्वार्थ सूत्र जो उमा स्वामी के द्वारा रचित है । आदि टीका उनके द्वारा लिखी गई है और सर्वार्थ सिद्धि में अपने आप में लघुता का एक भाव प्रकट करते हुए लिखा है।हम और आप कह सकते हैं लघुता है किंतु सिद्धांत का पालन करते हुए ही उन्होंने लिखा है कि उपदेशतु अभाव विशिष्ट उपदेशता का अभाव होने के कारण उपदेशतू अभावात कर्मोंदया कर्मों के उदय होने के कारण मंदबुद्धित्वा आप सुने मंदवुद्धिवा हम लोगों की बुद्धिमंद है उन्होंने अपनेआप को स्वीकार किया है हमारी भी बुद्धिमंद है और महत्वपूर्ण कारण बता रहे हैं कि पदार्थों की अत्यंत सूक्ष्मता होने के कारण सर्वज्ञ प्रणेता आगमम प्रमाणित्वा सर्वज्ञ भगवान के द्वारा प्रणीत जो आगम है जो मूलआगम है अर्थ आगम है उसको प्रमाणित मानकर के श्रद्धा का विषय बनाते है तो उसका नाम आज्ञा विशेष धर्म ध्यान जो हमें स्मरण में आ गई है उसको सामने रखा ।सर्वार्थ सिद्धि में नवमे अध्याय में धर्म ध्यान का प्रसंग आया धर्म ध्यान के प्रसंग में बात रखी हेतु और दृष्टांत इन दोनों का अभाव हो जाता है। हम हेतु नहीं दे पाते हैं जिस समय और दृष्टांत प्रस्तुत नहीं करते उस समय इसको धर्म ज्ञान का विषय बनता है। हमें आज्ञा का पालन करना है कहां पर करना है इसका कोई अंत है नहीं ।जब श्रुत का अंत नहीं उपलब्ध आगम पुण्य के उदय से उपलब्ध हुआ है उसको हमें बिना किसी संघ के उसकी आस्था का विषय बनाना चाहिए।आचार्य श्री ने अच्छा दृष्टांत दिया था फर्श की दरी जिसको बोलते हजारों व्यक्ति बैठे हैं और एक व्यक्ति के हाथ में हिमखंड है छोटा सा बर्फ का एक टुकड़ा है वह एक दूसरे के हाथ में वह परिवर्तित होता हुआ अंतिम व्यक्ति के हाथ में पहुंच जाए शायद वह बर्फ की डली देखने नहीं मिलेगी । हाथ गीला मिलेगा यह आगम धीरे-धीरे यहां तक पहुंचा है हमारे हाथ गीले हैं हाथ सुख भी जाएं मन हमारा गीला बना रहेगा ।प्रत्येक व्यक्ति का मन यदि शीतलता का अनुभव करता है तो निश्चय हृदय में भी वह आगम विद्यमान है।

# सर्पदंश से मासूम की हुई मौत

**हटा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ सड़क गांव में एक पांच बर्षीय मासूम बालक को जहरीले सर्प के काटनें से उपचार के दौरान उसकी मौत होने का मामला सामने आया है जहां पुलिस को मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई उपरांत मृतक बालक का पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सोंपा गया। जानकारी के अनुसार मृतक मासूम बालक कार्तिक पिता रामकेश मुड़ा उम्र 5 वर्ष निवासी हरदुआ सड़क बुधवार के दिन अपने घर पर सो रहा था तभी जहरीले सांप द्वारा मासूम को डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़नें लगी और परिजनों द्वारा उसे तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां उपचार के दौरान गुरूवार को उसकी मौत हो गई।